www.summerexpress.in

समर एक्सप्रेस

सूर्योदय सुबह 5:34 बजे
सूर्यास्त शाम 7:06 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-245 • पृष्ठ-8 • मूल्य-5 रूपये • सोमवार 11 मई 2026 • चंडीगढ़ • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर • एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल

न्यूज़ ब्रीफ

TMC के पंचायत सदस्य का शव मिला

हुगली| रविवार को हुगली ज़िले में एक व्यक्ति का शव मिला। TMC ने दावा किया कि वह पार्टी का पंचायत सदस्य था, और आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद हुई हिंसा में उसके कार्यकर्ताओं की मौत का आंकड़ा बढ़कर छह हो गया है। अपने सोशल मीडिया साइट पर खून से लथपथ शव की तस्वीर साझा करते हुए, TMC ने दावा किया कि मृतक सहदेव बाग था, जो गोगहट 1 ब्लॉक के तहत नोकुंडा ग्राम पंचायत का सदस्य था। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या उसकी किसी से कोई निजी दुश्मनी थी या फिर प्रोजेक्ट के टेंडरों को लेकर कोई कारोबारी रंजिश थी।

केंद्रीय मंत्री बंदी संजय के बेटे पर पॉक्सो केस दर्ज

तेलंगाना| तेलंगाना से भाजपा सांसद और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार के बेटे बंदी भगीरथ के खिलाफ 17 साल की नाबालिग लड़की के यौन उत्पीड़न के आरोप में पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। लड़की की मां की शिकायत के अनुसार, भगीरथ और उनकी बेटी पिछले 7-8 महीने से रिश्ते में थे। आरोप है कि 31 दिसंबर की रात मोइनाबाद स्थित एक फार्महाउस में भगीरथ ने लड़की का यौन उत्पीड़न किया। हैदराबाद की पेट बशीरबाग पुलिस ने भगीरथ के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 74, धारा 75 और पॉक्सो एक्ट की धारा 11 व 12 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

सिटीजन रिपोर्टर

अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।

BOOK YOUR ADVERTISEMENT

If you want to publish your advertisement on our newspaper

समर एक्सप्रेस

CONTACT:
+91 6283 860 059

हरियाणा निकाय चुनाव में 54.4% मतदान

पंचकूला में कुल 52.3% मतदान, फर्जी वोटिंग और अव्यवस्थाओं के आरोप, 13 मई को आएंगे परिणाम

शगुन कश्यप | पंचकूला
समर न्यूज़

हरियाणा में रविवार को 7 नगर निकायों के आम चुनाव और पंचायती राज संस्थाओं के 528 पदों पर उपचुनाव के लिए मतदान शांतिपूर्ण माहौल में शुरू हुआ, लेकिन कई स्थानों पर हंगामा, फर्जी वोटिंग के आरोप और अव्यवस्थाओं की शिकायतें भी सामने आईं। शाम 6 बजे सभी मतदान केंद्रों के गेट बंद कर दिए गए। हालांकि जो मतदाता पहले से लाइनों में खड़े थे, उन्हें मतदान करने की अनुमति दी गई।

चुनाव आयोग के प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार नगर निकाय चुनाव में कुल 54.4 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। सबसे अधिक 79.2 प्रतिशत मतदान सांपला नगर पालिका में हुआ, जबकि सोनीपत नगर निगम में सबसे कम 47.4 प्रतिशत मतदान रिकॉर्ड किया गया। अधिकारियों का कहना है कि अंतिम आंकड़ों में बदलाव संभव है।

पंचायती राज संस्थाओं के उपचुनाव के नतीजे आने शुरू हो गए हैं, जबकि नगर निकाय चुनाव के परिणाम 13 मई को घोषित किए जाएंगे। रेवाड़ी में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल स्थित मतदान केंद्र पर एक युवक को फर्जी वोट डालते हुए पकड़ा गया। प्रत्याशियों के समर्थकों ने हंगामा किया, जिसके बाद पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में युवक ने बताया कि वह दीनू नामक व्यक्ति के कहने पर भाजपा के पक्ष में वोट डालने आया था। पुलिस अब दीनू की पहचान करने में जुटी है।

वहीं धारूहेड़ा में चेयरपर्सन पद की कांग्रेस उम्मीदवार कुमारी राज ने भाजपा पर वोटरों को पैसे बांटने के आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि मतदाताओं को एक-एक हजार रुपये दिए गए और प्रशासन की मिलीभगत से चुनाव प्रभावित करने की कोशिश की गई।

अंबाला में भी नगर निगम चुनाव के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया। वार्ड नंबर-8 से कांग्रेस प्रत्याशी कुलजीत कौर के समर्थकों ने आरोप लगाया कि एक महिला फर्जी पहचान के साथ वोट डालने पहुंची थी। उसका नाम वोटर सूची से मेल खाता था, लेकिन फोटो और पता अलग था। शिकायत के बावजूद महिला मौके से चली गई। कांग्रेस समर्थकों ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा से जुड़े लोग मोबाइल फोन लेकर मतदान केंद्र के अंदर गए।

उकलाना के बूथ नंबर-5 पर एक युवती ने पुलिसकर्मियों पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया। उसने कहा कि वह अपने 80 वर्षीय दादा को वोट डलवाने लाई थी, लेकिन वहां व्हीलचेयर तक उपलब्ध नहीं करवाई गई।

सोनीपत के डीएवी स्कूल स्थित बूथ नंबर-61 के बाहर 91 वर्षीय भवानी देवी मतदान के लिए पहुंचीं, लेकिन व्हीलचेयर न मिलने के कारण सड़क पर गिर गईं। बाद में परिजन उन्हें स्कूटी पर बैठाकर मतदान केंद्र तक ले गए।

उधर, कुरुक्षेत्र के बोडा गांव में पंचायत उपचुनाव में गुरदेव पुरी ने 51 वोटों से जीत दर्ज कर सरपंच पद हासिल किया। उन्हें 388 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी अमरीक सिंह को 337 वोट मिले।

कई शिकायतों के बावजूद प्रशासन ने दावा किया कि चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

नगर निगम पंचकूला 2026 चुनाव में मेयर पद और 20 वार्ड पार्षदों के लिए मतदान संपन्न हुआ। शाम 6:00 बजे तक कुल 52 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

कुल मतदाताः 2,07,444

डाले गए वोटः 1,07,949

मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।

सोनीपत नगर निगम चुनाव में फर्जी वोटिंग का आरोप, तीन मतदाताओं की वोट पहले ही डली

सोनीपत| *सोनीपत नगर निगम चुनाव के दौरान वार्ड नंबर 17 के बूथ नंबर 165 पर फर्जी वोटिंग का मामला सामने आया है। दो महिलाओं और एक पुरुष ने आरोप लगाया कि जब वे मतदान करने पहुंचे तो उन्हें बताया गया कि उनकी वोट पहले ही डाली जा चुकी है। मतदाता नीरज ने बताया कि वह सुबह वोट डालने पहुंचा था, लेकिन उसे वापस भेज दिया गया। शाम को दोबारा पहुंचने पर भी उसे यही जवाब मिला। वहीं ममता और विमला ने भी आरोप लगाया कि उनकी वोट किसी और ने डाल दी। तीनों ने मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की है।*

कांग्रेस देश की सबसे बड़ी महिला विरोधी पार्टी: प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी | बेंगलुरु

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को बेंगलुरु में कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए उसे "देश की सबसे बड़ी महिला विरोधी पार्टी" करार दिया। उन्होंने महिला आरक्षण विधेयक के मुद्दे को उठाते हुए कहा कि कांग्रेस ने वर्षों तक महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व से वंचित रखा। बेंगलुरु के एचएएल एयरपोर्ट परिसर में भाजपा के अभिनंदन समारोह में प्रधानमंत्री ने कहा कि यदि महिला आरक्षण विधेयक पहले लागू हो गया होता तो देश में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी और अधिक मजबूत होती। उन्होंने कहा कि कर्नाटक से भी बड़ी संख्या में महिला विधायक और सांसद सामने आ सकती थीं, लेकिन कांग्रेस ने इसे रोककर महिलाओं के साथ अन्याय किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस निराशा में डूबी हुई पार्टी बन चुकी है और उसके पास अब कोई स्पष्ट विचारधारा नहीं बची है। जनता की समस्याओं को सुलझाने के बजाय सरकार आंतरिक कलह में उलझी हुई है। उन्होंने कहा, "पिछले तीन वर्षों में कर्नाटक की जनता कांग्रेस की गारंटियों की वास्तविकता देख चुकी है। राज्य सरकार इस चिंता में फंसी हुई है कि मुख्यमंत्री कितने दिन पद पर बने रहेंगे और दूसरे नेताओं को मौका मिलेगा या नहीं।" प्रधानमंत्री ने इस दौरान राज्य में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर चल रही चर्चाओं पर परोक्ष टिप्पणी की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राजस्थान में भी कांग्रेस के भीतर इसी प्रकार की स्थिति देखने को मिली थी और अब केरल में भी पार्टी के अंदरूनी मतभेद सामने आने लगे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि इस बार केरल में भाजपा ने तीन सीटें जीती हैं और आने वाले समय में वहां भी भाजपा सरकार बनाने में सफल होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि असम में तीसरी बार एनडीए सरकार बनी है, जबकि पुडुचेरी में दूसरी बार एनडीए सत्ता में लौटा है। उन्होंने कहा कि गुजरात के स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा ने नया इतिहास रचा है।

उन्होंने कहा, "देश में भाजपा के राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत होने से पहले ही कर्नाटक में पार्टी एक बड़ी राजनीतिक शक्ति बन चुकी थी। आज आंध्र प्रदेश में एनडीए की सरकार है और तेलंगाना में भाजपा दूसरी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है।" कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी का मैसूर पगड़ी और शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। वहीं राज्य भाजपा नेताओं ने उन्हें 13 किलोग्राम वजन की चांदी की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया।

असम के अगले मुख्यमंत्री होंगे हिमंता बिस्वा सरमा

असम | असम के अगले मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा होंगे। रविवार को बीजेपी की विधायक दल की बैठक में उनके ही नाम पर मुहर लगी। जेपी नड्डा ने उनके नाम का ऐलान किया। हिमंता 12 मई को सुबह 11 बजे लगातार दूसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। 4 मई को आए नतीजों में बीजेपी ने राज्य की 126 में से 82 सीटों पर बंपर जीत हासिल की थी। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के शीर्ष नेतृत्व और एनडीए के कई वरिष्ठ नेताओं के शामिल होंगे। हिमंता की ताजपोशी उत्तर-पूर्व में पार्टी की पैठ को और मजबूत करने के रूप में देखी जा रही है। असम बीजेपी के अध्यक्ष दिलीप सैकिया ने कहा- हम दोपहर तक सरकार बनाने के अपने दावे के बारे में राज्यपाल को सूचित कर देंगे। 12 तारीख को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां चल रही हैं। यह एक ऐतिहासिक पल होगा, क्योंकि पीएम मोदी की उपस्थिति में हिमंता 102 विधायकों के साथ शपथ लेंगे।

जोसेफ विजय ने तमिलनाडु के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली

एजेंसी | चेन्नई

तमिलगा वेट्री कझगम (टीवीके) अध्यक्ष सी. जोसेफ विजय ने आज तमिलनाडु की बागडोर संभाल ली। चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में आज सुबह करीब 10 बजे भव्य समारोह में तमिलनाडु के प्रभारी राज्यपाल राजेन्द्र अर्लेकर ने टीवीके प्रमुख विजय को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। विजय ने राज्य के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

विजय के शपथ ग्रहण करते ही पूरा स्टेडियम तालियों की गड़गड़ाहट और नारों से गूंज उठा। विजय के शपथ लेने के बाद एन. आनंद, आदव अर्जुना, अरुणराज, सेंगोट्टैयन, वेंकटरमणन, निर्मलकुमार, राजमोहन, डी.के. प्रभु और कीर्तना ने मंत्रियों के रूप में शपथ ग्रहण की। इस समारोह में विजय के परिवार के सदस्य, फिल्म जगत की हस्तियां और गठबंधन दलों के नेता शामिल हुए। शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी उपस्थित रहे। तमिलनाडु की राजनीति में वर्ष 2026 को एक नए युग की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। शपथ ग्रहण समारोह में तमिल थाई वंदना गीत की बजाय पहले "वंदे मातरम्" और फिर राष्ट्रगान बजाया गया। इसके बाद तमिल थाई वंदना प्रस्तुत की गई।

गौरतलब है कि तमिलनाडु सरकार के कार्यक्रम सामान्यतः तमिल थाई वंदना से शुरू होकर राष्ट्रगान के साथ समाप्त होते हैं, लेकिन इस समारोह में क्रम बदला हुआ दिखाई दिया। इसी के साथ राज्य की दो प्रमुख पार्टियों डीएमके और एआईएडीएमके के लगभग छह दशक से चले आ रहे बारी-बारी के शासन का अंत हो गया है। विजय गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेंगे। इसमें कांग्रेस एक सहयोगी के रूप में शामिल है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को थिरु सी जोसेफ विजय को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, थिरु सी. जोसेफ विजय को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने पर बधाई। उनके आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं! केंद्र सरकार तमिलनाडु सरकार के साथ मिलकर लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए काम करती रहेगी।

सीएम बनते ही 200 यूनिट मुफ्त बिजली का ऐलान

विजय ने रविवार को मुख्यमंत्री पद संभालते ही कई बड़े फैसलों पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने, महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष सुरक्षा बल गठित करने और पूरे राज्य में नशा तस्करी रोकने के लिए एंटी-ड्रग यूनिट स्थापित करने की मंजूरी दी। चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में पदभार संभालने के बाद अपने पहले संबोधन में विजय ने कहा कि राज्य में "वास्तविक धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय" के नए दौर की शुरुआत हो चुकी है। उन्होंने साफ कहा कि सरकार में उनके अलावा कोई दूसरा पावर सेंटर नहीं होगा और वही अंतिम निर्णय लेने वाले होंगे। विजय ने सरकार गठन में समर्थन देने के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, विदुथलाई चिरुथिगल काची, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग और वाम दलों का आभार जताया। उन्होंने बच्चों को भी खास धन्यवाद दिया।

15 मई से शुरू होगी दिल्ली-हलवारा उड़ान,40 फीसदी सीटें बुक

समर न्यूज़ | लुधियाना

हलवारा एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए बहुप्रतीक्षित पहली उड़ान 15 मई सुबह 5:55 बजे रवाना होगी। इसके साथ ही हलवारा एयरपोर्ट आधिकारिक तौर पर संचालन शुरू कर देगा, जिसे क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। हालांकि शुरुआत में यात्रियों का उत्साह उम्मीद के मुताबिक नजर नहीं आ रहा है। सूत्रों के अनुसार, उद्घाटन उड़ान के लिए अब तक केवल लगभग 40 फीसदी सीटों की ही बुकिंग हुई है। इस रूट पर 138 सीटों वाले विमान के संचालन की तैयारी है। अधिकारियों का मानना है कि नए एयरपोर्ट पर लोगों का भरोसा बनने में करीब छह महीने तक का समय लग सकता है। जानकारी के मुताबिक, दिल्ली से हलवारा आने वाली पहली उड़ान के साथ-साथ हलवारा से दिल्ली लौटने वाली सुबह की उड़ान में भी यात्रियों की संख्या कम है। वापसी उड़ान में अब तक केवल करीब 35 सीटें ही बुक हुई हैं। वहीं आगामी दिनों की फ्लाइट्स में बुकिंग महज 10 से 15 प्रतिशत तक पहुंची है।

एयर इंडिया के अधिकारियों का कहना है कि आने वाले कुछ महीनों तक स्थिति पर नजर रखी जाएगी और यात्रियों का भरोसा जीतने की कोशिश की जाएगी। कई यात्री अभी भी शताब्दी एक्सप्रेस और वंदे भारत एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों को अधिक सुविधाजनक और भरोसेमंद मान रहे हैं।

पेज 1 एंकर स्टोरी | 1 जून से धान सीजन शुरू, 13.94 लाख ट्यूबवेलों पर बढ़ेगा दबाव

पंजाब में बिजली मांग 18,000 मेगावाट पार करने की आशंका

एजेंसी | चंडीगढ़

पंजाब में 1 जून से धान की बुवाई शुरू होने जा रही है और इसके साथ ही राज्य में बिजली की मांग रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। पावर सेक्टर के विशेषज्ञों के अनुसार इस बार पड्डी सीजन के दौरान बिजली की अधिकतम मांग 18,000 मेगावाट से पार जा सकती है, जो अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा होगा। पिछले साल 2025 के धान सीजन में अधिकतम बिजली मांग 17,200 मेगावाट से अधिक दर्ज की गई थी।

राज्य सरकार ने पिछले साल की तरह इस बार भी 1 जून से चरणबद्ध तरीके से धान की रोपाई शुरू करने का फैसला किया है। हालांकि जल विशेषज्ञ लगातार यह सलाह देते रहे हैं कि धान की बुवाई जून के आखिरी सप्ताह में शुरू होनी चाहिए, ताकि मानसून की बारिश का फायदा मिल सके और भूजल का अत्यधिक दोहन रोका जा सके। इसके बावजूद पंजाब में हर साल जून की शुरुआत में ही धान सीजन शुरू कर दिया जाता है।

यह मौजूदा सरकार का आखिरी धान सीजन भी माना जा रहा है क्योंकि अगले साल राज्य में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में सरकार किसी भी कीमत पर किसानों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना चाहती है।

पंजाब में करीब 30 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में धान की खेती होती है। राज्य में मौजूद 13.94 लाख से अधिक कृषि ट्यूबवेल धान सीजन के दौरान खेतों की सिंचाई के लिए लगातार चलते हैं। इनमें से बड़ी संख्या उन जिलों में है जहां भूजल स्तर पहले ही गंभीर रूप से नीचे जा चुका है।

विशेषज्ञों के मुताबिक, इस बार मौसम भी चुनौती बढ़ा सकता है। अनुमान है कि पिछले साल के मुकाबले इस बार हीटवेव के दिन ज्यादा रहेंगे और मानसून सामान्य से कमजोर रह सकता है। ऐसे में पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड किसानों को रोजाना आठ घंटे बिजली देने की तैयारी कर रहा है।

अप्रैल महीने में ही राज्य की बिजली मांग 12,000 मेगावाट को पार कर गई थी, जो पिछले साल अप्रैल की तुलना में लगभग 800 मेगावाट अधिक रही।

पावर विभाग के अधिकारियों के अनुसार, पीएसपीसीएल की अपनी उत्पादन क्षमता लगभग 6,500 मेगावाट है। इसके अलावा राज्य ग्रिड से 10,500 मेगावाट से अधिक बिजली खरीदी जा सकती है। बैंकिंग व्यवस्था के जरिए 3,000 से 3,500 मेगावाट अतिरिक्त बिजली की व्यवस्था की जा रही है। केंद्र सरकार के बिजली संयंत्रों और भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड से मिलने वाली 4,800 मेगावाट हिस्सेदारी भी राज्य को राहत दे सकती है। दिन के समय सस्ती सौर ऊर्जा खरीदने की योजना भी तैयार की गई है।

जानकारों के मुताबिक, इस धान सीजन में 2,000 मिलियन यूनिट से ज्यादा शॉर्ट टर्म बिजली खरीदनी पड़ सकती है, जबकि कृषि क्षेत्र की कुल खपत 16,000 मिलियन यूनिट तक पहुंच सकती है।

भूजल दोहन की स्थिति भी गंभीर बनी हुई है। एक ट्यूबवेल औसतन आठ घंटे बिजली सप्लाई में हर सप्ताह लगभग 30.24 लाख लीटर पानी निकालता है। इस हिसाब से करीब 14 लाख ट्यूबवेल हर सप्ताह 4,385 अरब लीटर पानी जमीन से बाहर निकाल रहे हैं।

विशेषज्ञ समिति की एक रिपोर्ट, जो राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण को सौंपी गई है, में कहा गया है कि यदि धान की रोपाई सिर्फ एक सप्ताह भी टाल दी जाए तो पंजाब अपने 3 करोड़ लोगों की पानी की जरूरत साढ़े तीन साल तक पूरी कर सकता है। लुधियाना में सबसे ज्यादा 1.17 लाख ट्यूबवेल हैं, जबकि गुरदासपुर, अमृतसर और संगरूर भी भूजल गिरावट वाले प्रमुख जिलों में शामिल हैं।